# स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

## प्रेस नोट संख्याः 146, दिनांक 10–05–2025

## अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित करने वाले 03 अभियुक्त जनपद एटा से गिरफ्तार।

दिनांक 09–05–2025 को एसटीएफ उ0प्र0 अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित करने वाले 03 अभियुक्तों को 16 अदद तमंचे 315 बोर व .32 बोर अवैध के साथ थाना कोतवाली नगर जनपद एटा से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः**

1– सीनू पुत्र भोलू उर्फ भोले निवासी ग्राम बांकनेर थाना कोतवाली कासंगज जनपद कासगंज।
2– मीनू पुत्र भोलू उर्फ भोले निवासी ग्राम बांकनेर थाना कोतवाली कासगंज जनपद कासगंज।
3– मोरसिंह यादव पुत्र नन्दराम निवासी शान्तिविहार थाना सुभाष नगर जनपद बरेली।

**बरामदगीः**

1– 16 अदद तमंचे (315 बोर व .32 बोर)
2– 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर
3– 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर
4– 01 अदद खोखा कारतूस 12 बोर
5– 01 अदद जिन्दा कारतूस .32 बोर
6– तमंचे बनाने में प्रयोग किये जाने वाले औजार/उपकरण।
7– 01 अदद ऑटो नम्बर यू0पी0 82 टी 9632

**गिरफ्तारी का स्थान व समयः**

नगला चन्दन स्थित मकान, थाना कोतवाली नगर जनपद एटा। दिनांक 09–05–2025 समय 18:45 बजे।

विगत काफी दिनों से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अवैध तमंचो की फैक्ट्री चलाने वालों के सम्बन्ध में सूचनायें प्राप्त हो रही थी । इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न टीमों/इकाइयों को अभिसूचना संकलन व कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में श्री अब्दुल कादिर, अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई बरेली के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

उ0नि0 अमित कुमार के नेतृत्व में मु0आ0 रामजी लाल, मु0आ0 शिवओम पाठक, मु0आ0 सुनित, आरक्षी संजय यादव व आ0कमाण्डो रामकिशन वर्मा की एक टीम जनपद एटा में भ्रमणशील थी। इस दौरान ज्ञात हुआ कि थाना कोतवाली जनपद एटा क्षेत्रान्तर्गत नगला चन्दन स्थित एक मकान में अवैध रूप में असलहे बनाये जा रहे है। प्राप्त सूचना पर एसटीएफ टीम स्थान स्थानीय पुलिस को साथ लेकर नगला चन्दन स्थित मकान से 03 अभियुक्तों को अवैध शस्त्र बताने समय गिरफ्तार कर लिया गया, मौके से उपरोक्त बरामदगी हुई।

पूछताछ में अभियुक्त सीनू व मीनू ने बताया कि हम लोग ताला बनाने के नाम पर किराये पर मकान लिये थे। उक्त मकान में हम लोग अवैध रूप से तमंचा बनाने की फैक्ट्री का संचालन करते थे। अवैध रूप से संचालित फैक्ट्री में 315 बोर के अवैध असलहे बनाकर जनपद बरेली, एटा एवं आस–पास के जनपदों में ऊचे दामों पर सप्लाई करते थे। गिरफ्तार अभियुक्त मोर सिंह ने बताया वह सीनू व मीनू उपरोक्त का रिश्ते में फूफा लगता है। वह सीनू व मीनू से तमंचे खरीदकर बरेली व आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करता है। वह आज भी सीनू व मीनू से असलहा लेने के लिए आया हुआ था।

उपरोक्त अभियुक्तो के विरूद्ध थाना कोतवाली जनपद एटा पर मु0अ0सं0 226/2025 धारा 3/5/25 पंजीकृत कराया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना स्थानीय पुलिस द्वारा की जायेगी।